# मॉडल - (01)

## विषय - भूगोल, कक्षा– 12वी

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 100**

---

**निर्देश–**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न कमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें चार खण्ड है। खण्ड (अ) खण्ड (ब) खण्ड (स) खण्ड (द) प्रत्येक खण्ड में पांच प्रश्न है तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1–1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न कमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न कमांक 14 से 19 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
5. प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।
6. प्रश्न कमाकं 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।
7. प्रश्न कमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।
8. प्रश्न कमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं प्रश्न कमांक 25 में मानचित्र अंकन है।

**प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(i) आधुनिक भूगोल के संस्थापक के रूप में माने जाते हैं।

(अ) होमर (ब) अरस्तु (स) रिटर एवं हम्बोल्ट (द) हेरोडोटस

(ii) भौतिक भूगोल की शाखा है –

(अ) भू–आकृति विज्ञान (ब) ऐतिहासिक भूगोल (स) आर्थिक भूगोल (द) सांस्कृतिक भूगोल

(iii) 'लोयस' का निर्माण होता है–

(अ) हिमनदी द्वारा (ब) नदी द्वारा (स) हवा (वायु द्वारा)

(द) समुद्री लहरों द्वारा

(iv) पार्थिव विकिरण में उष्मा विकरित होती है।

(अ) पृथ्वी से (ब) वायुमंडल से (स) सूर्य से

(द) जलमंडल से

(v) उत्तरी अमेरिका की शीतोष्ण कटिबंधीय घास–भूमि है।

(अ) पम्पास (ब) डाउन्स (स) स्टेपी (द) प्रेयरी

## खण्ड (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(i) दक्षिण भारत का सर्वोच्च शिखर .......................... है।

(ii) अल्यूमिनियम का अयस्क खनिज ............................. कहलाता है।

(iii) सबसे ऊंची सड़क भारत के ............................राज्य में स्थित है।

(iv) 2001 की जनगणना के अनुसार प्रति हजार पुरूषों पर महिलाओं की संख्या........... है।

(v) धनी देशों के उच्च वर्ग में यात्री जो ज्यादातर .............. पर्यटकों के रूप में आते हैं।

## खण्ड (स)

**उचित संबंध जोड़िए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | पृथ्वी की सबसे आंतरिक परत | (अ) | स्ट्रीम |
| (ii) | महासागरीय धारा | (ब) | महाद्वीपीय निमग्न तट |
| (iii) | विश्व का सर्वोत्तम मत्स्य ग्रहण क्षेत्र | (स) | निफे |
| (iv) | वायुमंडल की सबसे निचली परत | (द) | एस्किमो |
| (v) | टूण्ड्रा प्रदेश के निवासी | (इ) | क्षोभमण्डल |

## खण्ड (द)

**सत्य/असत्य बताइये –**

(i) $23\ 1/2^0$ अक्षांश भारत की प्रधान देशान्तर रेखा है।

(ii) स्थानान्तरी कृषि मैदानी भागों में की जाती है।

(iii) देश के राज्यों की राजधानियों को जोड़ने वाला मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग कहलाता है।

(iv) स्त्री पुरूष की जनसंख्या के अनुपात को लिंगानुपात कहते हैं।

(v) झील में बहता होटल को मोटल कहते हैं।

प्रश्न 2 प्रादेशिक भूगोल की मुख्य शाखाओं के नाम बताइये।

प्रश्न 3. शैल और खनिज में दो अंतर बताइये ।

प्रश्न 4 दीर्घ ज्वार कब आता है ?

प्रश्न 5 वायुमण्डल किसे कहते है ?

प्रश्न 6 टूण्ड्रा प्रदेश में पाये जाने वाले किन्ही दो जानवरों के नाम लिखिए।

प्रश्न 7 भारत में सूखे से निपटने के लिए दो उपाय बताइये ।

प्रश्न 8 बाढ आने के दो कारण बताइये ।

प्रश्न 9 नई कृषि नीति का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

प्रश्न 10 'खादर' किसे कहते हैं ?

प्रश्न 11 ज्वारीय वनस्पति एवं पर्वतीय वनस्पति में दो अंतर बताइये ।

प्रश्न 12 श्वेत क्रांति एवं नीली क्रांति से क्या आशय है ?

प्रश्न 13 जन्म दर का अर्थ बताइये ।

प्रश्न 14 परतदार चट्टान की तीन विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 15 संवाहनीय वर्षा एवं पर्वतीय वर्षा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 16 हिमालय की नदियां सतत वाहिनी क्यों हैं ? दो महत्व भी बताइये।

प्रश्न 17 भारत में वर्षा का वितरण असमान होने के क्या कारण हैं ? उदाहरण देकर समझाइये।

प्रश्न 18 शुष्क कृषि एवं आर्द्र कृषि में तीन अंतर लिखिए।

प्रश्न 19 रेल परिवहन का महत्व बताइये।

प्रश्न 20 प्रवास से क्या आशय है? अंतः राज्यीय प्रवास एवं अन्तर्राज्यीय प्रवास को समझाइये।

अथवा

प्रवास के आर्थिक कारक एवं सामाजिक राजनीतिक कारकों को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 21 भारत में खनिज उत्खनन की कौन–कौन सी समस्याएं हैं।

अथवा

भारतीय कृषि की समस्याओं का विवरण दीजिए।

प्रश्न 22 शीतोष्ण कटिबंधीय घासभूमि के जीवोम का वर्णन कीजिए।

अथवा

जैव मण्डल के जैविक घटकों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 23 अपक्षय क्या है ? भौतिक ऋतु अपक्षय के विभिन्न कारकों का संक्षेप में विवरण दीजिए।

अथवा

भूकंप किसे कहते हैं ? भूकंप के कारण और प्रभाव बताइये।

प्रश्न 24 भारत की कृषि नीति पर टिप्पणी लिखिए।

अथवा

अहमदाबाद को भारत का मानचेस्टर क्यों कहा जाता है, यहां सूती वस्त्र उद्योग के स्थानीयकरण के क्या कारण हैं ?

प्रश्न 25 भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्न को दर्शाइये :–

$23\ 1/2^0$ उत्तर अक्षांश, खम्भात की खाड़ी, नर्मदा नदी, मुम्बई हाई, लक्षद्वीप

अथवा

चाय उत्पादक क्षेत्र, मुबई नगर, इंदिरा प्वाइंट, बंगाल सागर, छत्तीसगढ़ राज्य

प्रश्न 26 महासागरीय नितल के उच्चावच का सचित्र विवरण दीजिए।

अथवा

समुद्री जलधाराओं का जलवायु एवं व्यापार पर पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 27 वायुमण्डल के विभिन्न परतों का विवरण दीजिए।

अथवा

वायुमण्डल के गर्म एवं ठण्डे होने की विधियों का वर्णन कीजिए।